# बालमन

Powered by Teachers of Bihar



जून-2023 अंक-6

## प्रखंड: चाँद

## जिला: कैमूर

प्रधान संपादक

**प्रमोद कुमार" निराला "**

Pramod Kumar- +91 9661547325 Dheeraj Kumar- +91 9431680675

+91 7250818080 info@teachersofbihar.org | teachersofbihar@gmail.com

www.teachersofbihar.org

# टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसे आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसी दुनिया,
हौसला और अपनी मंजिल से,
सब नज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखरेगी
और प्रतिभा सबकी निखरेगी,
खींच लेंगे गगन से इंद्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही है
जो हज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....

हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

www.teachersofbihar.org

# अभियान गीत

घर-घर अलख जगाएगें, हम बदलेंगे जमाना।।
निश्चय हमारा, ध्रुव सा अटल है।
काया की रग-रग में, निष्ठा का बल है।।
जागृति शंख बजायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।
बदली हैं हमने अपनी दिशायें।
मंजिल नयी तय, करके दिखायें।।
धरती को स्वर्ग बनायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।
श्रम से बनायेंगे, माटी को सोना।
जीवन बनेगा, उपवन सलोना।।
मंगल सुमन खिलायेंगें, हम बदलेंगे जमाना।।
कोरी कल्पना की तोड़ेंगे कारा।
ममता की निर्मल, बहायेंगे धारा।।
समता की दीप जलायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,

(मो०-8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)




## "शुभकामना संदेश"

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्देश्य से "बाल मन कैमूर" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चो के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में सकारात्मक सोच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए "बाल मन कैमूर" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

# सम्पादकीय

प्यारे बच्चों,
नमस्कार,
ग्रीष्मावकाश घर में रहकर भाई- बहन कौतूहल के साथ आपसी प्रेम ,चिलचिलाती धूप घर पर इंडोर गेम में आपसी प्रतिस्पर्धा, माता-पिता के साथ, बड़े भाई- बड़े बहन के शादी में मशगूल मिठाई की तरफ आकर्षण, आपका अल्हड़पन देख मन आनंदित और प्रसन्न चित्त हो जाता है।पत्रिका के षष्टम अंक को समर्पित करते हुए आपकी रचनात्मक कला को देखकर अपार खुशी हो रही है। हम सभी आपकी रचनात्मक कला को सम्मानित करते हैं। आप सभी बच्चे निरंतर नवाचार करते रहे। अपने अंदर के बाल कलाकार को बाहर आने दे, आपके पास कोई कला है तो उसको हम तक जरूर पहुंचाएं।
आप सभी के साथ हमारी बालमन चांद कैमूर की टीम बेहतर से बेहतर कार्य करने के लिए सदा प्रयत्नशील है, अनजाने में कोई त्रुटि या भूल हुई है, तो उसके लिए हम क्षमा प्रार्थी हैं।
आपके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ।
आपका
प्रमोद कुमार
क.म. वि. चांद ,कैमूर



# सहयोगी सदस्य

1-उदय पांडे म. वि. चांद
2-मो.असलम म.वि. चांद
3-प्रीति कुमारी उ.म.वि. धोबहा
4-मीरा कुमारी उ. माध्यमिक वि.भलुहारी
5-विनीता तिवारी प्रा. वि. किशनपुरा
6-सुमन से पटेल क.म. वि.चांद

# बिहार राज्य प्रार्थना गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

एम. आर. चिश्ती

www.teachersofbihar.org

# बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

- सत्यनाराय

ToB बालमन

बालमन कैमूर

# दर्शनीय स्थल

## बिहार पर्यटन:शेरगढ़ किला

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम से 42 किमी दक्षिण-पश्चिम व चेनारी से लगभग 12 किमी दक्षिण में लगभग 800 फीट ऊंची कैमूर पर्वत श्रृंखला की एक पहाड़ी पर शेरगढ़ का किला स्थित है। लगभग छह वर्ग मील क्षेत्रफल में फैले शेरगढ़ किला को दुर्गावती नदी दक्षिण व पश्चिम से आलिंगन करते हुए बहती है। इसके नीचे ही दुर्गावती जलाशय परियोजना का विशाल बांध बन चुका है। यहीं से पौराणिक गुप्ता धाम और सीताकुंड जाने के लिए रास्ता भी है। कहा जाता है कि इस किले का निर्माण वर्ष 1540 से1545 के बीच शेरशाह ने करवाया था। शेरशाह ने ऐसा किला अपने दुश्मनों से बचने और सुरक्षित रहने के लिए बनवाया था। किले में सैकड़ों सुरंग और तहखाने हैं। इसके मुख्य प्रवेश द्वार में मूल रूप से आठ छोटे गुंबद थे लेकिन अब केवल पाँच हैं। मुख्य प्रवेश द्वार से एक किलोमीटर की दूरी पर रानी पोखरा (रानी का तालाब) नामक एक झील है और बगल की पहाड़ी पर एक भूमिगत किला है। कैमूर पहाड़ी के उपर स्थित इस भूमिगत किले में दरबार ए हाल से नाच घर तक आज भी ठीक स्थिति में है। आज शेरगढ़ किला सिर्फ एक खंडहर के रूप में देखने को मिलता है। यहां पहुंचने के लिए सड़क मार्ग साधन है। नीचे से किला तक लोगो को पहाड़ियों पर चढ़ के जाना पड़ता है। सरकार अगर ध्यान दे तो यहां पर्यटन की काफी सम्भावनाएँ हैं।



बिहार पर्यटन:शेरगढ़ किला



ToB बालमन कैमूर

# थोड़ा मुस्कुरा भी दो ....

**1.टीचर : बहुत ही तेज़ हवाओं के साथ बारिश हो रही है,इसका भविष्यकाल कौन बताएगा?**

**बिट्टू : मैं बताऊंगा।इसका भविष्यकाल है की अब लाइट चली जायेगी**

........................................................

**2. डॉक्टर (मरीज से): जब आप टेंशन में होते है तो क्या करते है ?**

**मरीज : जी ,मैं मंदिर चला जाता हूं...**

**डॉक्टर : बहुत अच्छे! वहां जा कर ध्यान लगाते है आप।**

**मरीज : जी नहीं।मैं सबके जूते -चप्पल मिक्स कर देता हूं।दूसरे को टेंशन में देख मेरा टेंशन कुछ कम हो जाता है।**




# विज्ञान कॉर्नर

## पदार्थ

प्रत्येक वस्तु जिसमें द्रव्यमान हो,जो स्थान घेरती हो और रुकावट उत्पन्न करते हो,उसे पदार्थ कहते हैं।

जैसे : लोहा, पत्थर, मिट्टी, बालू ,वायु , पौधे, पशु आदि पदार्थ हैं।




## पदार्थ की अवस्थाएँ


पदार्थ की प्रायः3 अवस्थाएँ होती हैं।

1. ठोस 2. द्रव 3. गैस

रंतु आधुनिक विज्ञान में दो और अवस्थाओं की खोज की ाई है। 4. प्लाज्मा 5. बोस- आइंस्टीन कन्डेन्सेट

## पदार्थ के कणों के गुण

1. पदार्थ के कण अत्यंत सूक्ष्म होते हैं।





2. पदार्थों के कणों के बीच रिक्त स्थान होता है।


3. पदार्थ के कण अनवरत गतिशील रहते हैं।


पदार्थ को गर्म करने पर उसके कणों की गतिज ऊर्जा बढ़ जाती है जिससे कणों के वेग बढ़ जाते हैं। अतः ताप बढ़ने पर कणों के वेग में वृद्धि हो जाती है।

4. पदार्थ के कण एक दूसरे को आकर्षित करते हैं।




# नन्हें कलाकार




उ.म.वि.बहेरिया चांद कैमूर





# नन्हें कलाकार





उ.म.वि.बहेरिया चांद कैमूर






# नन्हें कलाकार



म.वि.भरारी चांद कैमूर





प्रा.वि.बरहनी चांद कैमूर

# चेतना सत्र

## क.म.वि.चांदकैमूर



गोल्डी, सोनाली,अन्नू वर्ग 7


# चेतना सत्र





उ.म.वि.बैरी चांद कैमूर





# पेन वह पेन्सिल













उ.म.वि. बोहरिया चांद कैमूर

# पेन वह पेन्सिल













उ.म.वि. पाढ़ी, चांद, कैमूर

## पेन वह पेन्सिल






उ.म.वि.पाही, चांद, कैमूर

# पेन वह पेन्सिल









# पेन वह पेन्सिल








# पेन वह पेन्सिल









उ.उ.मा.वि. चौरी
चांद कैमूर

# चहक






# चहक





पर्दानशीन करवन्दिया चांद कैमूर





# चहक





पर्दानशीन करवन्दिया चांद कैमूर





# बैगलेस शनिवार













उ.म.वि.पाढी, चांद, कैमूर

# बैगलेस शनिवार



# कविता

मम्मी की रोटी है गोल -गोल,
दादा का चश्मा है गोल-गोल।
पापा का पैसा है गोल -गोल,
छत पर लगा है पंखा गोल-गोल।
नीचे धरती (पृथ्वी) है गोल-गोल,
दिन का सूरज है गोल -गोल
पूनम की चांद है गोल -गोल,
मम्मी की चूड़ी है गोल -गोल।
साइकिल का पहिया गोल -गोल,
जीतू का फुटबॉल गोल -गोल।

रिया कुमारी वर्ग 8
क.म. वि. चांद कैमूर

आलू बोला मुझको खालो,
मैं तुमको मोटा कर दूंगा।
पालक बोली मुझको खालो ,
मैं तुमको ताकत दूंगी।
गाजर ,भिंडी, बैंगन बोली,
गोभी ,मटर, टमाटर बोले।
अगर हमें भी खाओगे,
बड़े जल्दी ही बन जाओगे।

आदित्य कुमार वर्ग 8
क. म.वि.चांद कैमूर

छन -छन ,छन- छन,
तेल में नाचा।
प्लेट में आया,
शरमाया समोसा।
हाथ से उछला,
मुंह मैं पहुंचा।
पेट में जाकर,
भर गया समोसा।

अनिता कुमारी वर्ग 8
क.म.वि.चांद




# कहानी

मोनू बहुत ही गरीब परिवार का लड़का था। बचपन में ही उसके पिता का देहांत हो गया था। उसकी मां दूसरों के घर पर जाकर झाड़- पोछा और बर्तन धोया करती थी। जिससे वह अपना भरण-पोषण और मोनू के पढ़ाई का खर्च होता था। मोनू भी पढ़ने में बहुत तेज था अपनी क्लास में हमेशा प्रथम आता था। जब वह आठवीं पास कर लिया तो उसकी माता चिंतित हो गई कि मोनू की पढ़ाई कैसे होगी वह किताब ,ड्रेस और बैग आदि की व्यवस्था कहां से करेगी। मोनू के माता को चिंतित देखकर उसकी मालकिन ने कारण जानना चाहा। सारी बातें मालकिन से बता दी। मालकिन ने तुरंत ₹1000 उसकी किताब और बैग के लिए ₹500 उपहार स्वरूप पढ़ाई के लिए दिए। मोनू कि माता ने मोनू को स्कूल जाने के क्रम में ₹50 दिए, मोनू वह 50रू अपनी माता को वापस देना चाह रहा था परंतु उसकी माता नहीं वह पैसे वापस मोनू को दे दिए। मोनू स्कूल जाने के क्रम में पैसे लेकर के दुकान में गया और मिठाई खाया सोचा कुछ मिठाई मम्मी के लिए भी ले जाऊं। तभी उस रास्ते से एक लंगड़ा लड़का उस मिठाई की दुकान पर आया और मिठाई मांगने लगा। मोनू में देखकर उस लड़के को मिठाई खिला दी। तभी एक दूसरे स्कूल का लड़का जो पहले से मिठाई की दुकान में बैठा था मोनू का बैग लेकर भागने लगा चोर लड़के को बैग लेकर भागते देख लंगड़े लड़के ने बैसाखी से उस चोर की तरह मारा और चोर वहां गिर गया तभी अगल-बगल के लड़के और दुकानदार आकर मोनू का बैग दिलवाया मोनू ने अन्य लड़कों को और दुकानदार को धन्यवाद दिया दुकानदार ने कहा असली धन्यवाद का हक़ यह विकलांग लड़का है क्योंकि यह लड़का वैशाखी फेंककर उस चोर को नहीं मारता तो चोर नहीं गिरता और तुम्हारा बैग लेकर भागा जाता। मोनू ने उस विकलांग लड़के को गले मिलकर धन्यवाद दिया और दोनों अच्छे मित्र बन गए।

नीतीश कुमार वर्ग 7
क. म. वि. चांद कैमूर

# फोटो ऑफ द मंथ













# फोटो आंफ द मंथ





उ.म.वि.पाढी , चांद,
कैमूर

# फोटो आॅफ द मंथ






# TEACHER OF THE MONTH

नाम --सुबास चंद्र सिंह
जन्मदिन--30 जनवरी 1970
शैक्षणिक योग्यता--
मैट्रिक-( 1985 )-रामदुलारी
जगदीप उच्च विद्यालय
बहुआरा चांद
इंटर -(1987)-हरिशचंद्र इंटर
कालेज वाराणसी
स्नातक -सरदार बल्लभ भाई
पटेल कॉलेज भभुआ
परास्नातक- महात्मा गांधी काशी
विद्यापीठ वाराणसी
( इतिहास)
शैक्षणिक योग्यता -बीटीसी
(1987 -1989)
शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र मोहनिया
नियुक्ति तिथि- 6 नवंबर 1999
पदस्थापन स्थल- मध्य विद्यालय
चांद कैमूर
रूचि - अध्ययन करना
पदनाम- प्रधानाध्यापक
सह
निकासी व्ययन पदाधिकारी
चांद कैमूर




# विश्व पर्यावरण दिवस

उ.म.वि.बहेरि
या चांद कैमूर







# विश्व पर्यावरण दिवस





उ.म.वि.बैरी
चांद कैमूर





# विश्व पर्यावरण दिवस

उ.उ.मा.वि.जिगना चांद कैमूर






# विश्व पर्यावरण दिवस

उ.उ. मां. वि भलुहारी चांदकैमूर







# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कहानी

# प्रथम अवसर



एक किसान की बहुत ही सुन्दर बेटी थी। एक नौजवान लड़का उस किसान की बेटी से शादी की इच्छा लेकर किसान के पास आया।



उसने किसान की बेटी से शादी करने की इच्छा जताई। किसान ने उसकी ओर देखा और कहा- युवक तुम खेत में जाओ,मैं एक-एक करके तीन बैल छोड़ने वाला हूँ। यदि तुम तीनों बैलों में से किसी एक की भी पूँछ पकड़ लो तो मैं अपनी बेटी की शादी तुमसे कर दूंगा।



नौजवान इस आसान शर्त को सुनकर खुश हो गया और खेत में बैल की पूँछ पकड़ने की मुद्रा लेकर खड़ा हो गया। किसान ने खेत में स्थित घर का दरवाजा खोला। तभी एक बहुत ही बड़ा और खतरनाक बैल उसमें से निकला। नौजवान ने ऐसा बैल पहले कभी नहीं देखा था। अतः उससे डर कर नौजवान ने निर्णय लिया कि वह अगले बैल का इंतज़ार करेगा और वह एक तरफ हो गया जिससे बैल उसके पास से होकर निकल गया।



दरवाजा फिर खुला।आश्चर्यजनक रूप से इस बार पहले से भी बड़ा और भयंकर बैल निकला। नौजवान ने सोचा कि इससे तो पहला वाला बैल ठीक था। फिर उसने एक ओर होकर बैल को निकल जाने दिया।



दरवाजा तीसरी बार खुला। नौजवान के चहरे पर मुस्कान आ गई। इस बार एक छोटा और मरियल बैल निकला। जैसे ही बैल नौजवान के पास आने लगा, नौजवान ने उसकी पूँछ पकड़ने के लिए मुद्रा बना ली ताकि उसकी पूँछ सही समय पर पकड़ ले। पर यह क्या उस बैल की तो पूँछ ही नहीं थी।



शिक्षा:-


हर एक इंसान की जिन्दगी अवसरों से भरी हुई है। कुछ सरल हैं और कुछ कठिन। पर अगर एक बार अवसर गंवा दिया तो फिर वह अवसर दुबारा नहीं मिलेगा। अतः हमेशा प्रथम अवसर को हासिल करने का प्रयास करना चाहिए..!!

सोशल मीडिया से

# कैमूर एक परिचय

शिक्षा विभाग-

1-महाविद्यालयों की संख्या -18
2-उच्च विद्यालयों की संख्या - 101
3-मध्य विद्यालयों की संख्या - 584
4-प्राथमिक विद्यालयों की संख्या - 613
5-केंद्रीय विद्यालय की संख्या - 0
6-नवोदय विद्यालय की संख्या - 01
7-कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की संख्या -11
8-बुनियादी विद्यालय की संख्या - 06
9-संस्कृत विद्यालयों की संख्या( एडेड) -03
10- बी.आर.सी. -11
11- सी.आर.सी. - 100






बालमन टीम चांद कैमूर

# दुसर प्रखंड आपन जिला














# दुसर प्रखंड आपन जिला












# दुसर प्रखंड आपन जिला









# दुसर प्रखंड आपन जिला



म.वि.डहरक रामगढ़ कैमूर




काजल उ.म.वि.सिलौटा भभुआ





करवन्दिया चैनपुर





रिफ़त नाज़ गर्ल्स स्कूल भभुआ

# दुसर जिला आपन राज्य



संजना उ.वि.झिकतीय रामपुर वैशाली




प्रज्ञा पुष्पम खगड़िया



तोष कुमार मधेपुरा





मुस्कान म.वि.टरिया वैशाली



# दुसर जिला आपन राज्य










# दुसर जिला आपन राज्य















र्यावरण दिवस

प्रा.वि. भटानी चांद कैमूर











# र्यावरण दिवस










उ.म.वि. किलनी
चांद कैमूर

न्यू प्रा.वि.बरहनी चांद कैमूर

# नशा मुक्ति दिवस







उ.म.वि.धोबहा चांद कैमूर

आभा,कृति
उ.उ.वि. चौरी चांद कैमूर





# नशा मुक्ति दिवस

## क.म.वि.चांद कैमूर

















# प्रतियोगिता





मनीष ,आतीश, प्रिंयका वर्ग5
न्यू प्रा.वि.भेरी चांद कैमूर





# मध्याह्न भोजन

## उ.म.वि.बैरी चांद कैमूर





# समर कैम्प



प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की निगरानी में समर कैम्प





# समर कैम्प









TEACHERS OF BIHAR
बालमन कैमूर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
INTERNATIONAL YOGA DAY
21 JUNE
योग दिवस
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
21 जून

# महत्वपूर्ण दिवस

1 जून -विश्व दुग्ध दिवस
3 जून- विश्व साइकिल दिवस
5 जून -विश्व पर्यावरण दिवस
7 जून- विश्व खाद्य दिवस
12 जून- बाल श्रम के खिलाफ विश्व दिवस
14 जून- विश्व रक्तदाता दिवस
18 जून- फादर्स डे
21 जून- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस
26 जून- साहू जी महाराज जन्मदिवस, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जन्मदिवस
30 जून- विश्व क्षुद्रग्रह दिवस




छत्रपति साहू महाराज



आप अपने सुझाव और जवाब मोबाइल 9661547325 पर दे सकते है।

Thank you

